# न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, चौथ का बरवाड़ा

मु0नं0:–3/2024 | तारीख रजू:–12.04.2024

जी.सी.एम.एस. नं0:– 2024/21

*पीठासीनअधिकारी :–जोगेन्द्र सिंह ( आर.ए.एस.)*

1. केली पत्नि स्व0 रामसिंह मीना
2. फिल्मीबाई पुत्री रामसिंह मीना
3. बत्तीलाल पुत्र रामसिंह मीना
4. मन्टूलाल पुत्र रामसिंह मीना
5. लाडबाई पुत्री रामसिंह मीना
6. शिवराज पुत्र मूल्या मीना
7. सुरजन पुत्र भुवाना मीना (फोत)
   7/1 लोहडकी पत्नि स्व0 सुरजन मीना
8. सुआलाल पुत्र मूल्या मीना
9. प्रेमराज पुत्र हीरा गुर्जर
10. परसादी पत्नि हीरा गुर्जर
11. बर्फी पुत्री हीरा गुर्जर
12. बसराम पुत्र लक्ष्मण गुर्जर
13. बाबूड़ी पत्नि लक्ष्मण गुर्जर
14. रतनलाल पुत्र हीरा गुर्जर
15. रतनी पुत्री हीरा गुर्जर
16. राजेश पुत्र हीरा गुर्जर
17. रामस्वरूप पुत्र हीरा गुर्जर

समस्त निवासीयान ग्राम सिरोही, तहसील चौथ का बरवाड़ा, जिला सवाई माधोपुर

–प्रार्थीगण

बनाम

1. मिश्रा पुत्र हजारी गुर्जर (फोत)
   1/1. धोलूराम पुत्र मिश्रा गुर्जर (जवाब बंद)
   1/2. फूला पुत्री मिश्रा गुर्जर
   1/3. पाना पुत्री मिश्रा गुर्जर
   1/4. धोली पुत्री मिश्रा गुर्जर
   1/5. घणी उर्फ रामघणी पुत्री मिश्रा गुर्जर
2. रामराज पुत्र मांग्या मीना
3. रामप्रसाद पुत्र हजारी गुर्जर (जवाब बंद)
4. आगामी पत्नि स्व0 रायसिंह रेबारी
5. कजोड़ पुत्र परसा रेबारी
6. गोविन्द पुत्र शैतान रेबारी
7. छोटू पुत्र शैतान रेबारी
8. तुलसा पत्नि स्व0 परसा रेबारी
9. दलाल पुत्र भेरू रेबारी
10. प्रभू पुत्र राजाराम रेबारी
11. फोरन्ती देवी पत्नि चेतराम मीना
12. बालकिशन पुत्र परसा रेबारी
13. मदन पुत्र हरजी रेबारी
14. मनरूप पुत्र शैतान रेबारी

Signature Not Verified

Digitally signed by Jogendra Singh
Date: 2025.11.11 16:26:37 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
चौथ का बरवाड़ा (स0 मा0)

15. मेवा पुत्री परसा रेबारी
16. श्रृंगारी पत्नि स्व0 भेरू रेबारी
17. सोहन पुत्र शैतान रेबारी
18. हीरा पुत्र हरजी रेबारी
समस्त निवासीयान ग्राम सिरोही, तहसील चौथ का बरवाडा, जिला सवाई माधोपुर।
19. राजादेवी पत्नि मदन गुर्जर निवासी नाहरी खुर्द मय झरकुण्ड, तहसील चौथ का बरवाडा, जिला सवाई माधोपुर।
20. प्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा, शाखा भगवतगढ़, जिला सवाई माधोपुर।
21. प्रबंधक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, शाखा सवाई माधोपुर, जिला सवाई माधोपुर।

—अप्रार्थीगण

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सत्यमेव जयते चौथ का बरवाड़ा

उपस्थित—
वकील प्रार्थी संख्या 1 लगायत 8:—श्री लोकेश कुमार सीठा
वकील प्रार्थीसंख्या 9 लगायत 17 :—श्री अब्दुल वहाब एडवोकेट
वकील अप्रार्थी संख्या 1/1, 2, 3, 13 एवं 18:—श्री सुधीर कुमार जैन, एडवोकेट
अप्रार्थी संख्या 1/2, 1/3, 1/4, 1/5, 2, 4 लगायत 12, 14 लगायत 17, 19 लगायत 20, 21:—एक पक्षीय कार्यवाही

निर्णय दिनांक:—10.11.2025

## प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251 एल0आर0 एक्ट

## —: निर्णय :—

1. आवेदक सं. 1 लगायत 8 की खातेदारी भूमि खसरा नंबर 688 रकबा 1.4600 है0 व आवेदकगण संख्या 9 लगायत 17 की खातेदारी भूमि खसरा नंबर 694 रकबा 2.0400 है0 वाके ग्राम सिरोही, पटवार हल्का झोपड़ा, तहसील चौथ का बरवाड़ा पर जाने हेतु रास्ते के आवेदन किया है, जो निम्न प्रकार है—

- आवेदक सं. 1 लगायत 8 की खातेदारी भूमि खसरा नंबर 688 रकबा 1.4600 है0 व आवेदकगण संख्या 9 लगायत 17 की खातेदारी भूमि खसरा नंबर 694 रकबा 2.0400 है0 वाके ग्राम सिरोही, पटवार हल्का झोपड़ा, तहसील चौथ का बरवाड़ा, जिला सवाई माधोपुर में स्थित है।

- आवेदकगण की खातेदारी भूमि में जाने हेतु एक मात्र कदीमी रास्ता ग्राम सिरोही पटवार मण्डल झोपड़ा, तहसील चौथ का बरवाड़ा के खसरा नम्बर 643 गै0मु0 सड़क (डूंगरी से आडी भाट का रास्ता) से अप्रार्थीगण के खातेदारी के ख़ेत खसरा नम्बर 683 रकबा 0.2500 है०, खसरा नम्बर 685 रकबा 0.0700 है०, खसरा नम्बर 686 रकबा 0.0800 है०, खसरा नम्बर 667 रकबा 0.2300 है०, खसरा नम्बर 679 रकबा 1.5000 है०, खसरा नम्बर 697 रकबा 1.1800 है0, खसरा नम्बर 696 रकबा 1.3200 है०, खसरा नम्बर 695 रकबा 1.2500 है०, की बीच मेड से होकर प्रार्थीगण सं. 1 लगायत 8 की खातेदारी भूमि ख.न. 688 रकबा 1.4600 है0 तक 15 फिट चौडा रास्ता एवं ख.न. 688 के पूर्वी

Signature Not Verified
Digitally signed by Jogendra Singh
Date: 2025.11.11 16:26:37 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
चौथ का बरवाड़ा (स० मा०

दिशा की ओर स्थित प्रार्थीगण सं. 9 लगायत 17 की खातेदारी भूमि ख.न. 694 रकबा 2.0700 है० हेतु 15 फिट चौडा रास्ता उपलब्ध कराया जाकर नक्शाशीट पर अंकन फरमाया जावे।

2. प्रकरण दर्ज रजिस्टर किया जाकर नोटिस बनाम अप्रार्थीगण जारी किये जाकर उनको न्यायालय में तलब किया गया।

3. अप्रार्थी संख्या 1/2, 1/3, 1/4, 1/5, 2, 4 लगायत 12, 14 लगायत 17, 19 लगायत 20, 21 बावजूद तामील न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए, जिस कारण दिनांक 10.03.2025 को उनके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही अमल में लाई गई।

4. अप्रार्थी संख्या 1/1 व 3 द्वारा पर्याप्त अवसर दिये जाने के बावजूद उनके द्वारा जवाब पेश नहीं किये जाने के कारण उनका जवाब बंद किया गया।

5. वकील अप्रार्थी संख्या 3, 12 व 18 ने अपना जवाब इस प्रकार पेश किया है कि–

➢ प्रार्थीगण ने हमारी खातेदारी के खेतों को नुकसान पहुंचाने के लिये यह प्रार्थना पत्र पेश किया है, जिसकी कोई सत्यता नहीं है। इसलिये प्रार्थना पत्र खारिज किये जाने योग्य है।

➢ प्रार्थीगण जिस रास्ते का उपयोग करते हुए खसरा नंबर 688 पर जाते थे, उस खसरा नंबर में उन्होने अमरूदों का बगीचा लगा दिया है और स्वयं ही रास्ते को बंद कर दिया है, इसलिये प्रार्थीगण स्वच्छ हाथों से नहीं आये हैं। अतः प्रार्थना पत्र खारिज किये जाने योग्य है।

➢ खसरा नंबर 682, 683, 685, 686, 687 में होकर कभी भी प्रार्थीगण का रास्ता नहीं रहा है, इसलिये अब नवीन रास्ता निकाले जाने का प्रश्न ही पैदा नहीं होता है, लिहाजा प्रार्थना पत्र खारिज होने योग्य है।

➢ खसरा नंबर 685 केवल 0.07 है0, खसरा नंबर 686 रकबा 0.08 है0 का है। यदि 4 मीटर चौड़ा 59 मीटर एवं 80 मीटर लम्बा रास्ते के लिये दिया गया तो सारा रकबा ही समाप्त हो जायेगा।

➢ अतः निवेदन है कि प्रार्थना पत्र मय हर्जा खर्चा के खारिज फरमाया जावे।

6. तहसीलदार, चौथ का बरवाडा ने द्वारा रिपोर्ट इस न्यायालय में पेश की, जो निम्नानुसार है–

❖ प्रार्थी बत्तीलाल पुत्र रामसिंह मीना द्वारा खसरा नंबर 688 रकबा 1.46 है0 किस्म बारानी 3 तथा रतनलाल पुत्र हीराम गुर्जर द्वारा खसरा नंबर 694 रकबा 2.07 है0 किस्म चाही 3 तक पहुंचने के लिये रास्ते का आवेदन किया है। प्रार्थीयों की खातेदारी भूमि तक जाने के लिये वैकल्पिक रास्ते की आवश्यकता है। मौके पर खसरा नंबर 694 तक पहुंचने का रास्ता खसरा नंबर 682, 683, 684, 685, 686,

Signature Not Verified
Digitally signed by Jogendra Singh
Date: 2025.11.11 16:26:37 IST
Reason: SelfAttested
उपखण्ड अधिकारी
चौथ का बरवाड़ा (स० मा०)

680, 687, 679 तथा 688 से होकर लघुत्तम दूरी का रास्ता है। उक्त खसरा नंबरों का विवरण निम्नानुसार है–

| क्र.सं. | खसरा नंबर | रास्ते की लंबाई | रास्ते की चौड़ाई | क्षेत्रफल (वर्गमीटर में) | खातेदार का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 682 | 6 मीटर | 4 मीटर | 0.002 | मोडू पुत्र दल्ला गुर्जर |
| 2 | 683 | 16 मीटर | 4 मीटर | 0.006 | मिश्रा पुत्र हजारी गुर्जर |
| 3 | 684 | 56 मीटर | 2 मीटर | 0.011 | मिश्रा, रामप्रसाद पि0 हजारी गुर्जर |
| 4 | 685 | 56 मीटर | 2 मीटर | 0.011 | मदन हरजी रेबारी |
| 5 | 686 | 96 मीटर | 2 मीटर | 0.019 | मदन पुत्र हरजी रेबारी |
| 6 | 680 | 50 मीटर | 2 मीटर | 0.01 | मिश्रा, रामप्रसाद पि0 हजारी गुर्जर |
| 7 | 687 | 98 मीटर | 2 मीटर | 0.004 | रामराज पुत्र मांग्या मीना |
| 8 | 679 | 108 मीटर | 2 मीटर | 0.021 | मिश्रा, रामप्रसाद पि0 हजारी गुर्जर |
| 9 | 688 | 36 मीटर | 2 मीटर | 0.007 | सुवालाल पुत्र मूल्या मीना |

7. प्रार्थीगण एवं अप्रार्थी संख्या 1/1, 2, 3, 13 एवं 18 के विद्वान अधिवक्ताओं की बहस सुनी गई। दौराने बहस उनके द्वारा प्रार्थना पत्र में अंकित कथनों का दोहरान किया।

8. मैंने पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेज एवं तहसीलदार, चौथ का बरवाड़ा की रिपोर्ट एवं उसके साथ संलग्न भू0अ0 निरीक्षक रिपोर्ट व मौका रिपोर्ट का अवलोकन किया एवं उभयपक्षों के विद्वान अधिवक्ताओं की बहस पर मनन किया।

9. प्रार्थी बत्तीलाल पुत्र रामसिंह मीना द्वारा खसरा नंबर 688 रकबा 1.46 है0 किस्म बारानी 3 तथा रतनलाल पुत्र हीराम गुर्जर द्वारा खसरा नंबर 694 रकबा 3.07 है0 किस्म चाही 3 तक पहुंचने के लिये रास्ते का आवेदन किया है। प्रार्थीयों [illegible] खातेद[illegible] भूमि तक जाने के लिये वैकल्पिक रास्ते की आवश्यकता है। मौके पर खसरा 694 तक पहुंचने का रास्ता खसरा नंबर 682, 683, 684, 685, 686, 680, 687, 679 तथा 688 से होकर लघुत्तम दूरी का रास्ता है। इस प्रकार सम्पूर्ण रास्ते की कुल दूरी 272 वर्गमीटर है, जो कि मुख्यतः मोडू पुत्र दल्ला गुर्जर, मिश्रा, रामप्रसाद पि0 हजारी गुर्जर, मदन पुत्र हरजी रेबारी वर्ग, रामराज पुत्र मांग्या मीना तथा सुवालाल पुत्र मूल्या मीना की खातेदारी से वैकल्पिक लघुत्तम दूरी का रास्ता उक्त रास्ते की प्रतिकर राशि निम्नानुसार है–

Signature Not Verified
Digitally signed by Jogendra Sin
Date: 2025.11.11 16:26:37 IST
Reason: SelfAttested

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सत्यमेव जयते चौथ का बरवाड़ा

उपखण्ड अधिकारी
चौथ का बरवाड़ा (स0 मा0)

| ख0नं0 | 682 | 683 | 684 | 686 | 680 | 687 | 679 | 685 | 688 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रास्ते का क्षेत्रफल | 0.002 | 0.006 | 0.011 | 0.019 | 0.01 | 0. 004 | 0.02 | 0.011 | 0. 007 |
| प्रतिकर राशि | 2000 | 6000 | 10000 | 19000 | 10000 | 4000 | 20000 | 10000 | 7000 |

कुल राशि–88000 / – रूपये।

10. उपरोक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि पर आवागमन हेतु रास्ता की अत्यन्त आवश्यकता को देखते हुए उन्हे खसरा नंबर 682, 683, 684, 685, 686, 680, 687, 679 तथा 688 से रास्ता दिया जाना उचित है।

**–:आदेश:–**

प्रार्थीगणों का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है एवं तहसीलदार, चौथ का बरवाड़ा को आदेशित किया जाता है कि निम्नानुसार प्रतिकर राशि का भुगतान कर राजस्व रिकॉर्ड में गै0मु0 रास्ता दर्ज करें–

| ख0नं0 | 682 | 683 | 684 | 686 | 680 | 687 | 679 | 685 | 688 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रास्ते का क्षेत्रफल | 0.002 | 0.006 | 0.011 | 0.019 | 0.01 | 0. 004 | 0.02 | 0.011 | 0. 007 |
| प्रतिकर राशि | 2000 | 6000 | 10000 | 19000 | 10000 | 4000 | 20000 | 10000 | 7000 |

निर्णय आज दिनांक 10.11.2025 को खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी
सत्यमेव जयते
चौथ का बरवाड़ा

(जोगेन्द्र सिंह)
उपखण्ड अधिकारी
चौथ का बरवाड़ा (स० मा०)

Signature Not Verified
Digitally signed by Jogendra
Date: 2025.11.11 16:26:37 I
Reason: SelfAttested